# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जुलाई, 2016 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

**बुधवार, दिनांक 20 जुलाई, 2016 (आषाढ़ 29, 1938)**

**समय 11.00 बजे दिन**

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

श्री रामपाल सिंह, विधि और विधायी कार्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार निम्नलिखित अध्यादेश पटल पर रखेंगे :-

(1) मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) द्वितीय संशोधन अध्यादेश, 2016 (क्रमांक 1 सन् 2016),

(2) मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन अध्यादेश, 2016 (क्रमांक 2 सन् 2016)

### 3. फरवरी-अप्रैल, 2016 सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

### 4. नियम 267 - क के अधीन फरवरी-अप्रैल, 2016 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

### 5. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना.

### 6. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) सर्वश्री कैलाश चावला, रामनिवास रावत, सदस्य, प्रदेश में विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने पर उपभोक्ताओं से अनियमित विद्युत बिल की वसूली किये जाने की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री शैलेन्द्र पटेल, डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य, प्रदेश के किसानों को फसल बीमा की राशि न दिये जाने की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 7. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9-अटेर से निर्वाचित सदस्य, श्री सत्यदेव कटारे तथा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 50-राजनगर से निर्वाचित सदस्य, कुंवर विक्रम सिंह को विधान सभा के जुलाई, 2016 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

### 8. सभापति तालिका की घोषणा.

### 9. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

श्री शंकरलाल तिवारी, सभापति, याचिका समिति का अभ्यावेदनों से संबंधित प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

## 10. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री हितेन्द्र सिंह सोलंकी, सदस्य,खरगोन जिले के ग्राम आरसी से जुलवान्या तक सड़क मार्ग का निर्माण किये जाने,
(2) श्री वीर सिंह पंवार, सदस्य, विदिशा जिले की बीना नदी पर पुल बनाये जाने,
(3) श्री पन्नालाल शाक्य, सदस्य, गुना जिले के-
(क) ग्राम लोहपाल एवं बरखेड़ा घाट के बीच पुलिया निर्माण किये जाने, तथा
(ख) ग्राम पिपरोदा खुर्द के बीच नदी पर रपटे का निर्माण कराये जाने,
(4) श्री संजय उइके, सदस्य, बालाघाट जिले के वनग्राम खजरा थाना से टिकरिया ग्राम खुर्सीपार तक सड़क निर्माण किये जाने,
(5) श्री जालम सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम चिनकी के कछरा नाले पर बंधान निर्माण किये जाने,
(6) श्री मुकेश नायक, सदस्य, पन्ना जिले के-
(क) ग्राम सांटा बुद्धसिंह में स्कूल के भवन का नवीनीकरण किये जाने, तथा
(ख) ग्राम बोरी में विद्युत सब स्टेशन बनाये जाने
(7) श्री सचिन यादव, सदस्य, खरगोन जिले के-
(क) ग्राम बोरावां मुलठान मेन रोड से ग्राम कवड़ी तक पहुंच मार्ग का निर्माण किये जाने, तथा
(ख) खरगोन जिले के ग्राम उमरिया बैडी में विद्युतीकरण कार्य कराये जाने,
(8) श्री सुन्दर लाल तिवारी, सदस्य रीवा जिले के-
(क) जनपद पंचायत रीवा से कुठुलिया हर्दी तक सड़क मार्ग का निर्माण किये जाने, तथा
(ख) रीवा जिले के गोविन्दगढ़ बाया कनौजा टीकर मार्ग का निर्माण कराये जाने,
(9) कुंवर सौरभ सिंह, सदस्य, कटनी जिले के-
(क) वि.ख.रीठी के अन्तर्गत जमुनहाई जलाशय पर बंधान निर्माण किये जाने, तथा
(ख) त्रिगड्डा घाट में बनीया डबरा नाला में मेड़ बंधान कराये जाने,
(10) श्री सुशील कुमार तिवारी, सदस्य, जबलपुर जिले के ग्राम पंचायत इमलिया परियट से महगंवा के यू-टर्न रोड / रपटा सीधा करते हुए पुलिया का निर्माण कराये जाने,
(11) श्री शैलेन्द्र पटेल, सदस्य, सीहोर जिले से काहिरी कदीम तक डबल लेन मार्ग का निर्माण कराये जाने,
(12) डॉ. मोहन यादव, सदस्य, उज्जैन जिले के वार्ड क्र. 46 में बंगाली कॉलोनी के रहवासियों को पट्टा वितरण कराये जाने,
(13) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम बंसुरिया के शा.हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,
(14) श्री संजय शर्मा, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम खैरूआ चिराह (चीरा मुहल्ला) में विद्युतीकरण कराये जाने,
(15) श्री गिरीश गौतम, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम पंचायत लालगांव को नगर पंचायत बनाये जाने,
(16) श्री प्रदीप अग्रवाल, सदस्य, दतिया जिले के ग्राम सुखदेव पुरा में सड़क बनाये जाने एवं राजस्व ग्राम बनाये जाने,
(17) श्री नारायण सिंह पंवार, सदस्य, राजगढ़ जिले के नगर सुठालिया स्थित नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,
(18) श्री रजनीश सिंह, सदस्य, सिवनी जिले के ग्राम सिंघोड़ी से भालीवाड़ा तक सड़क का निर्माण कराये जाने,
(19) श्री आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल जिले की सुभाष कालोनी में अवैध रूप से बने 'रज्जन की डेरी' हटाये जाने,
(20) श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, सदस्य, मंदसौर जिले के ग्राम मोहम्मदपुरा में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास में विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 11. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री जयभान सिंह पवैया, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2016 (क्रमांक 13 सन् 2016) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

(2) श्री जयभान सिंह पवैया, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2016 (क्रमांक 14 सन् 2016) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

**अवधेश प्रताप सिंह**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 19 जुलाई, 2016**